# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य जांच शिविर एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित, कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने दी शुभकामनाएं

**ओम प्रकाश गुप्ता, गुड़गावं टुडे**

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं हिंदी पखवाड़ा काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की स्किल कैपिटल बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान भी किया।



स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लेते विद्यार्थी।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में पुष्पगिरि भवन में स्किल डिपार्टमेंट ऑफ़ एमएलटी द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 75 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। विद्यार्थियों ने इस अवसर स्वास्थ्य कौशल पर विविध चर्चाओं का भी आयोजन किया। कुलगुरु के विशेष कर्तव्य अधिकारी संजीव तायल ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जीवन के प्रेरक आयामों से अवगत करवाया।

डॉ.संतोष यादव ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। शारदा भवन पुस्तकालय में आयोजित हिंदी पखवाड़ा काव्यपाठ प्रतियोगिता भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को समर्पित रही। इसमें स्टाफ और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कई कविताएं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व पर प्रस्तुत की गई। लिपिक योगेंद्र राठौर की कविता, %विश्व पटल पर भारत की शान बढ़ाई, दुनिया में भारत को नई पहचान दिलाई... कविता से वाहवाही बटोरी। ओएसडी संजीव तायल की कविता, %वो जो सामने मुश्किलों का अम्बार है, उसी से तो मेरे हौसलों की मीनार है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को समर्पित रही। पुस्तकालय उपाध्यक्ष डॉ. जेके दुबे, विधि अधिकारी केशव शर्मा, विधि सहायक लख्मी चंद, डॉ. सुषमा, डॉ. कल्पना महेश्वरी, शालिनी नासा, हरिओम और डॉ. मनीष ने कविता पाठ किया। अनुवादक सोनिया ने विद्यार्थियों को काव्य पाठ के लिए प्रोत्साहित किया और अंत में हिंदी अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों का आभार ज्ञापित किया।